**सुविचार**

समय सबसे बड़ा शिक्षक है। आज का दिन अपने हाथों में लेने का समय है।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 20 | पंचकूला। मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### भारतीय सेना ने हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 आतंकी मार गिराए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में 7 खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी। व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, किश्तवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया।

### ईरान में भारतीय दूतावास ने भारतीयों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका में जारी तनाव के बीच भारत ने ईरान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इससे पहले पोलैंड और सर्बिया ने भी अपने नागरिकों के लिए अलर्ट जारी किया था। अमेरिका ने पिछले 22 साल में मिडिल ईस्ट में सबसे बड़ी सैन्य तैनाती की है। ईरान में भारतीय दूतावास ने लिखा, भारत सरकार की 5 जनवरी 2026 की एडवाइजरी को जारी रखते हुए, और ईरान में बदलते हालात को देखते हुए, जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं (छात्र, तीर्थयात्री, बिजनेस करने वाले और टूरिस्ट) उन्हें सलाह दी जाती है कि वे कमर्शियल फ्लाइट समेत ट्रांसपोर्ट के मौजूद तरीकों से ईरान छोड़ दें।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मामले में जांच के लिए बनेगी कमेटी : सीएम नायब सैनी

■ किसी मुख्यमंत्री बोले- दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, एक एक पैसा हैं सुरक्षित



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के मामले में कहा कि हरियाणा सरकार के विभागों की जागरूकता से यह मामला सामने आया और इस पर सरकार ने तत्काल बैंक को डि-एमपैनल कर दिया। बैंक द्वारा जो स्टेटमेंट उपलब्ध कराए गए, वे-विभागीय स्टेटमेंट से मेल नहीं खाते थे। राज्य सरकार गंभीरता से इस मामले की जांच करवा रही है। सरकार ने ये मामला राज्य के एंटी करप्शन ब्यूरो को सौंपा है। इसके अलावा, इस पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का भी गठन किया जायगा।

मुख्यमंत्री ने इस विषय पर सोमवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में और पत्रकारों से बातचीत करते हुए जानकारी दी कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सेबी को पत्र लिखा, जिसमें बैंक के कर्मचारियों द्वारा गड़बड़ किए जाने की बात कही। इस मामले में बैंक ने भी अपने कर्मचारियों पर कार्रवाई शुरू कर रखी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के लेनदेन में मिली अनियमितताओं के सम्बंध में एफआईआर दर्ज हो गयी है। बैंक ने इस सम्बंध में 21 फरवरी को पत्र लिखा था, जबकि जैसे ही यह मामला राज्य सरकार के संज्ञान में आया तो सरकार ने पहले ही 18 फरवरी को बैंक को डि-एमपैनल करते हुए ब्याज सहित पैसा राष्ट्रीय बैंक में ट्रांसफर करने के लिए कह दिया था, पैसा पूरा सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक एक पैसा वापिस लाया जाएगा, इस सम्बंध में बैंक के कर्मचारी ने कोई हरकत की है या फिर किसी और ने, इन पहलुओं की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रो- एक्टिव होकर इस मामले को पकड़ा है क्योंकि राज्य सरकार हर विषय के ऊपर बहुत गंभीरता से ध्यान देती है। उन्होंने कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास हरियाणा सरकार की जो धनराशि जमा थी, उसका एक बड़ा भाग सावधि जमा यानी कि एफ.डी. के रूप में निवेशित था। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंकों में विभागों द्वारा पैसा रखने की प्रथा आज से नहीं, बल्कि पहले से ही है। कांग्रेस के समय में भी विभागों का पैसा बैंकों में रहता था। बैंकों के पैनल बनते रहते है, और नए बैंक जु?ते रहते है। इस मामले की गहनता से जांच की जाएगी और किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### सदन में शालीनता और स्वस्थ बहस का आह्वान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां सभी चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मान होना चाहिए और सदन की गरिमा हर हाल में बनाए रखी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधानसभा में आचरण से संबंधित पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने विधायकों से आग्रह किया कि सदन में शालीनता रखें। उन्होंने कहा कि कटाक्ष या टिप्पणी ऐसी हो जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों। सभी जनप्रतिनिधि जनता द्वारा चुने गए हैं और सभी का सम्मान आवश्यक है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गुमराह करने वाले बयान देती है और उसके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार नौकरियों सहित हर विषय पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन इसके लिए विपक्ष को भी सदन में बैठकर चर्चा सुननी और करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में भी मनरेगा का नाम कई बार बदला गया। वर्तमान में वीबी जी रामजी ग्रामीण के अंतर्गत 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है।

## हितैषी फाउंडेशन का सेक्टर-9 में निशुल्क हार्ट चेकअप कैंप, 150 लोगों ने करवाई जांच

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था हितैषी फाउंडेशन की ओर से सोमवार को वार्ड नंबर 4, सेक्टर-9 स्थित आर्य समाज मंदिर में निशुल्क हार्ट चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 150 लोगों ने अपने हृदय की जांच करवाई। सुबह 8¬30 बजे से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरे दिन जांच के लिए उत्साह बना रहा।



शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रमाकांत भारद्वाज तथा हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि संस्था के अध्यक्ष भारत हितैषी समय-समय पर जनहित में विभिन्न स्वास्थ्य एवं सामाजिक शिविरों का आयोजन करते रहते हैं। कुछ समय पूर्व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लगाए गए कैंप में 1000 से अधिक लोगों के कार्ड बनवाए गए, जिससे जरूरतमंदों को उपचार में काफी सुविधा मिली है। रमाकांत भारद्वाज ने कहा कि भारत हितैषी हर समय समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। शिविर में पंचकूला के पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारत हितैषी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कुलभूषण गोयल ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से हितैषी फाउंडेशन समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है और शहर का हर वर्ग इनके सेवा भाव से प्रभावित है। इस दौरान वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित परती ने लोगों के हृदय संबंधी परीक्षण किए। शिविर में बीपी, ईसीजी एवं अन्य आवश्यक जांचें निशुल्क की गईं। विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को हृदय रोग से बचाव, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के बारे में भी जानकारी दी। फाउंडेशन के सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि पिछले 15 वर्षों में संस्था ने 5667 लोगों से नेत्रदान, अंगदान और देहदान के शपथ पत्र भरवाकर उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में पंजीकृत करवाया है। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष बीबी सिंगल, शिवालिक विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ईश्वर जिंदल, आर्य समाज सेक्टर-9 की महामंत्री कमला भाटियाल, सीनियर सिटीजन काउंसिल पंचकूला के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आरपी मल्होत्रा, सेक्टर-9 मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र बंसल, रेह?ी मार्केट सेक्टर-9 के प्रधान रमेश राणा, पूर्व पार्षद ओमवती पूनिया, सुखबीर पूनिया, एमपी शर्मा, युवराज कौशिक, विकास कौशिक, पियूष जैन, भाजपा मीडिया प्रभारी चंदन कुमार, हरीश साहनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। शिविर में आए लोगों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था भी की गई थी।

## 40 लाख परिवारों के लिए मेरी रसोई योजना का स्वागत : सुरेंद्र राठी

**पंचकूला।** भगवंत मान के के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने राज्य के गरीब परिवारों के लिए एक अहम निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि राज्य में नीले कार्ड धारक लगभग 40 लाख गरीब परिवारों के लिए 'मेरी रसोई' योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को कनक (गेहूं) के साथ-साथ अब मुफ्त 'फूड किट' भी प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक आहार सुनिश्चित हो सके।



इस योजना का स्वागत प्रदेश प्रवक्ता व अंबाला लोकसभा से पार्टी अध्यक्ष सुरेंद्र राठी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं के बाद यह सरकार का एक और बड़ा कदम है, जो सीधे गरीब परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया है। राठी के अनुसार, सरकार द्वारा वितरित की जाने वाली फूड किट में प्रत्येक पात्र परिवार को 2 किलो मां छोले की दाल, 2 किलो चीनी, 1 किलो शुद्ध आयोडीन नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर और 1 लीटर सरसों का तेल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि फूड किट की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार समय-समय पर इन किट्स की गुणवत्ता की जांच करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो तेल और अन्य खाद्य सामग्री आम परिवार अपनी रसोई में इस्तेमाल करते हैं, वही गुणवत्ता इन जरूरतमंद परिवारों को भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल केवल राशन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर गरीब परिवार तक संतुलित और पौष्टिक भोजन पहुंचे।

सीएम मान ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि पंजाब का हर बच्चा और हर नागरिक स्वस्थ रहे। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि कई गरीब परिवारों के बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता, जिसके कारण वे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर पड़ जाते हैं। सरकार को मिली रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में कुपोषण की समस्या को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है, और 'मेरी रसोई' योजना इसी दिशा में एक ठोस प्रयास है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार केवल चुनावी घोषणाओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कदम भी उठाती है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष पर बस्तियों व मंडलों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने गौरवपूर्ण 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अक्तूबर 2025 से अक्तूबर 2026 तक शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ ने इस ऐतिहासिक अवसर को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि आत्ममंथन, समाज संवाद और व्यापक जनसंपर्क अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार के विचार–÷हम संघ नहीं, समाज बनाने चले हैं÷–को केंद्र में रखते हुए देशभर में 1 फरवरी 2026 से 22 फरवरी तक बस्तियों एवं मंडल स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया। इसी क्रम में पंचकूला जिले में भी हिन्दू सम्मेलनों की विशेष धूम देखी गई। जिला संघ चालक, जिला पंचकूला रिटायर्ड ब्रिगेडियर बेअंत परमार ने जानकारी दी कि जिले की सभी बस्तियों एवं मंडलों में समाज के सहयोग से सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।



अब तक लगभग 35 से अधिक हिन्दू सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुके हैं, जबकि शेष कार्यक्रम आगामी सप्ताह में आयोजित होंगे। इन सम्मेलनों का संचालन स्थानीय समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो रही है। संघ की शताब्दी यात्रा केवल अतीत का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के सशक्त भारत का संकल्प है। ÷व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण÷ के ध्येय के साथ संघ समाज में जागरूक, संगठित और आत्मविश्वासी वातावरण के निर्माण हेतु संवाद, गोष्ठियां एवं गृह-संपर्क अभियान चला रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विचार-विमर्श और संगठन की भावना को सुदृढ़ किया जा रहा है।

हिन्दू सम्मेलनों का प्रमुख उद्देश्य सामाजिक समरसता को मजबूत करना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। संघ द्वारा प्रतिपादित पंच परिवर्तन के माध्यम से जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। सम्मेलनों में वक्ताओं द्वारा राष्ट्र के स्वरूप की स्पष्टता, विशुद्ध राष्ट्रभक्ति, संगठन और अनुशासन की आवश्यकता तथा आत्मविश्वास के महत्व पर विचार रखे जा रहे हैं। समाज को जाति, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकात्मता के सूत्र में बंधने का आह्वान किया जा रहा है। ÷राष्ट्र प्रथम÷ की भावना से प्रेरित होकर संगठित समाज के निर्माण का संदेश इन कार्यक्रमों के माध्यम से दिया जा रहा है।

पंचकूला में आयोजित इन हिन्दू सम्मेलनों ने सामाजिक जागरण और सहभागिता का वातावरण बनाया है। विभिन्न आयु वर्गों और सामाजिक वर्गों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज समरस, संगठित और जागरूक भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर चल रहे ये आयोजन समाज संवाद और संगठनात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं।

## श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

**पंचकूला।** आज से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के साथ हो गया। पहले दिन प्रातः भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को शिवमय बना दिया। एसपी गुप्ता, विजय कुमार अग्रवाल, नरेश कुमार गोयल ने बताया कि यह आयोजन 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक श्री हरिहर मंदिर, सेक्टर 12-ई, पंचकूला में किया जा रहा है। कथा वाचन आचार्य आचार्य श्री गणेशनंद जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। सुरेश कुमार अग्रवाल, रजनीश बंसल एवं जेके सिंगला ने बताया कि कलश यात्रा की शुरुआत श्री भगवान परशुराम भवन से हुई, जो शोभायात्रा के रूप में कथा स्थल तक पहुंची। भक्तों ने सिर पर कलश धारण कर, भगवान शिव के जयकारों के साथ नगर भ्रमण किया। पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा का समय प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक निर्धारित है। एसपी गुप्ता ने बताया कि 1 मार्च को हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा। धार्मिक कथा आयोजन में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से यह आयोजन और अधिक मंगलमय एवं सफल बनेगा।



सेक्टर 12ए हरि हर मंदिर में सोमवार से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारभ हो गया है। कथा व्यास गणेशानंद मिश्रा जी ने शिव महापुराण कथा के महत्त्व को बताया, उन्होंने बताया कि पापी ब्राह्मण देवराज जो अंत समय में देवयोग से चलने में असमर्थ होने की वजह से किसी शिव मंदिर में रुक गया उसने अनायास ही शिव कथा सुनी और वही प्राण त्याह दिए। अंत समय में शिव महापुराण सुनने से उसे शिव लोक की प्राप्ति हुई। इसी तरह बिंदुग ब्राह्मण और उसकी पत्नी चंचूला की कथा सुनाई। वह दोनो अत्यंत दुराचारी और पापी थे। पाप करते पहले बिन्दुग की मृत्यु हो गई और उसके बाद देव्योग से चंचुला ने शिव महापुराण की कथा सुनी।

## अवैध हथियार के साथ पकड़ा किशोर देशी कट्टा जिंदा कारतूस समेत बरामद

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच सैक्टर-26 की टीम ने रायपुर रानी क्षेत्र के गांव ककराली के पास एक किशोर को 1 अवैध देशी कट्टे और 1 जिंदा कारतूस के साथ काबू किया है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

सूचना के अनुसार, एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार के साथ गांव ककराली के समीप मुख्य सड़क पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी की पहचान एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ रायपुररानी थाना में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी नाबालिग था, नियमानुसार उसे उसी दिन जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि किशोर के पास यह अवैध हथियार कहाँ से आया और इसका मुख्य उद्देश्य क्या था।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि हमारी टीमें न केवल अपराधियों को पकड़ रही हैं, बल्कि उन स्रोतों की भी गहराई से जांच कर रही हैं जहां से ये हथियार सप्लाई किए जा रहे हैं।

**विचार**

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र

## सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है : प्रधानमंत्री मोदी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 23 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है। पीएम मोदी ने एबार भाजपा सरकार का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम ने लिखा है कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं।



पीएम मोदी ने पत्र में लिखा है, ÷जय मां काली...अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प। पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तीकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।

### बंगाल देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करता था

नरेंद्र मोदी ने लिखा, स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करता था और औद्योगिक विकास में अग्रणी था। लेकिन आज इस गौरवशाली राय की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। एक तरफ, रोजगार के अभाव में युवा दूसरे रायों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में मेरी माताएं और बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने आगे लिखा है, राय सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, आज पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत राय में 85 लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है। जब राय की सत्ताधारी पार्टी गरीबों का निवाला छीन रही है, तब हमने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन देकर मदद का हाथ बढ़ाया है। अटल पेंशन योजना के तहत 56 लाख वरिष्ठ नागरिकों को बुढ़ापे में आत्मनिर्भर बनाने का सौभाग्य मुझे मिला है। उवला योजना के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस देकर माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर मैं धन्य हूं।

जो किसान पूरे देश का पेट भरते हैं, आज पश्चिम बंगाल में वही अन्नदाता अपने परिवार का पेट पालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी कठिन परिस्थिति में किसान सम्मान निधि के जरिए 52 लाख से अधिक किसानों को सीधे आर्थिक सहायता देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

# लुधियाना में 3,200 करोड़ रुपए की लागत वाला टाटा स्टील प्लांट मार्च से होगा कार्यशील : मान

- उद्योग को बड़ा प्रोत्साहन और 2,500 युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे



**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां कहा कि मार्च से लुधियाना में टाटा स्टील के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के कार्यशील होने से पंजाब में उद्योग को बड़ा हौसला मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रोजेक्ट राज्य की प्रगतिशील नीतियों और मजबूत शासन ढांचे में वैश्विक उद्योग के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

टाटा स्टील के एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए, जिसमें उपाध्यक्ष (लॉन्ग प्रोडक्ट्स) आशीष अनुपम और कॉर्पोरेट मामलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि टाटा स्टील ग्रुप दुनिया के अग्रणी स्टील निर्माताओं में से एक है, जिसकी कच्चे स्टील की वार्षिक क्षमता लगभग 34 मिलियन टन है और दुनिया के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में इसका मजबूत स्थान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाटा स्टील लिमिटेड लुधियाना की हाई-टेक वैली के निकट रीबार मिल के साथ 0.75 एम.टी.पी.ए. इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस आधारित स्टील-मेकिंग सुविधा स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि 115 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट में शुरू में लगभग 2,600 करोड़ के निवेश का अनुमान था, जो अब बढ़कर 3,200 करोड़ हो गया है। इस प्लांट से लगभग 2,500 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक माहौल को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि यह यूनिट 100 प्रतिशत स्टील स्क्रैप को कच्चे माल के रूप में उपयोग करेगी और टिकाऊ तथा पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया अपनाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस रूट पारंपरिक ब्लास्ट फर्नेस तकनीक की तुलना में कार्बन उत्सर्जन को काफी हद तक कम करता है, जो पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ औद्योगिक विकास के प्रति पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

पंजाब सरकार की ओर से निभाई गई सक्रिय भूमिका को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने इस मेगा प्रोजेक्ट के निर्माण और संचालन को समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया है, जो पंजाब की उद्योग-समर्थक नीतियों और सक्रिय शासन ढांचे को दर्शाता है।

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत को राज्य के लिए गौरव की बात बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह जमशेदपुर के बाद भारत में टाटा स्टील का दूसरा सबसे बड़ा प्लांट है और पंजाब में कंपनी के सबसे बड़े निवेश को दर्शाता है। निरंतर औद्योगिक विस्तार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने प्रोजेक्ट के सफल संचालन और भविष्य में और विस्तार के लिए टाटा स्टील को पूरा समर्थन और सहयोग देने का भरोसा दिया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### मुयमंत्री भगवंत सिंह मान का बड़ा ऐलान

# 'मेरी रसोई योजना' से 40 लाख परिवारों को तिमाही मुफ्त राशन किट

- एनएफएसए गेहूं से अलग मिलेगी दाल, चीनी, तेल व नमक; अप्रैल से शुरू होगा वितरण



**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** पंजाब में पहली बार व्यापक स्तर पर खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूती देने के उद्देश्य से ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने आज 'मेरी रसोई' योजना की शुरुआत का ऐलान किया, जिसके तहत 40 लाख परिवारों को अप्रैल से तिमाही आधार पर मुफ्त फूड किट (भोजन किट) का वितरण शुरू किया जाएगा उल्लेखनीय है कि ये फूड किट राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दिए जाने वाले गेहूं से अलग तौर पर प्रदान की जाएंगी।

इस योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार जन कल्याण योजनाओं के लिए संसाधन जुटाना अच्छी तरह जानती है, जो पूरी ईमानदारी और दूरदर्शिता के साथ चलती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर बच्चे के लिए पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करना सिर्फ एक वादा नहीं बल्कि हमारा नैतिक फर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले लोक-हितैषी बजट में भी समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखते हुए लोक भलाई उपायों का दायरा और विस्तृत किया जाएगा।

मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पहल पंजाब के हर परिवार के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में पंजाब के शानदार योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के मेहनती और जुझारू किसानों ने अथक मेहनत से यह सुनिश्चित किया कि देश में कोई भी भूखा न सोए। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य ने देश का पेट भरने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हालांकि पंजाब में अभी भी कुछ परिवार ऐसे हैं, जो अपनी रोजी-रोटी के लिए रोज संघर्ष करते हैं, जिनकी मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यह महत्वाकांक्षी मेरी रसोई योजना शुरू की है।

इस योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य सरकार 40 लाख परिवारों को फूड किट प्रदान करेगी। प्रत्येक किट में मासिक खपत के लिए दो किलो दाल, दो किलो चीनी, एक किलो नमक, 200 ग्राम हल्दी पाउडर और एक लीटर सरसों का तेल होगा। ये फूड किट राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत योग्य लाभार्थियों को पहले वितरित की जा रही गेहूं से अलग तौर पर प्रदान की जाएंगी।

उन्होंने आगे बताया कि मार्कफेड इस पहल के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मार्कफेड इन किटों के वितरण के लिए नोडल एजेंसी होगी और ये किट खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा मुफ्त में सप्लाई की जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत व्यवस्था बनाई है।

पंजाब की विरासत के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाबियों ने पिछले समयों में देश को अनाज संकट से बाहर निकाला था और यह पहल हमारी सरकार द्वारा लोक भलाई के लिए की जा रही लोक-हितैषी नीतियों की श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह गारंटी न तो लिखी गई थी और न ही हमारी पार्टी के मेनिफेस्टो का हिस्सा थी, लेकिन यह पंजाब के लोगों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और हम इसे पूरा कर रहे हैं।

बच्चों और परिवारों पर इस योजना के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य के हर बच्चे को पौष्टिक भोजन मिले, जो पंजाब भर में खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूती देगा।

उन्होंने ऐलान किया कि इन किटों का वितरण अप्रैल में शुरू होगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अप्रैल महीने से शुरू होकर हर तिमाही के बाद इन किटों का मुफ्त वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिया कि किसी भी हालत में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पंजाब सरकार सप्लाई की जाने वाली सभी खाद्य वस्तुओं की सख्त गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि खराब गुणवत्ता या अनियमित सप्लाई संबंधी किसी भी शिकायत से सख्ती से निपटा जाएगा।

अपनी सरकार की लोक-हितैषी सोच का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि हमारी सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध है।

# जसवीर सिंह गढ़ी ने पंजाब के समूह एस.सी. कर्मचारी संगठन की मुश्किलें सुनी

- दलित कर्मचारी संगठन द्वारा मुख्य तौर पर आरक्षण नीति के मुल्यांकन और 85वीं संशोधन लागू करने की मांग

**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति कमिशन के चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने अनुसूचित जाति वर्ग के साथ सम्बन्धित पंजाब की एस.सी कर्मचारी संगठन की समस्याओं और संवैधानिक अधिकारों को लागू करवाने में आ रही परेशानियों को हल करवाने के लिए पंजाब भवन, चंडीगढ़ में विशेष मीटिंग की अध्यक्षीय की गई।

इस मीटिंग में राज्य के ज्यादातर एस.सी. कर्मचारी संगठन ने हिस्सा लिया। संगठन के प्रतिनिधियों ने मीटिंग दौरान आरक्षण/ प्रतिनिधता सम्बन्धित पंजाब में लागू नियमों का पुन मूल्यांकन करने की मांग करते कहा कि पंजाब राज्य में आरक्षण नीति 1971 के जनगणना अनुसार तय की गई थी, जिस में 50 साल बीतने के बावजूद की कोई मूल्यांकन नहीं किया गया जबकि पंजाब राज्य में दलित आबादी 38 फीसद से ज्यादा हो गई है। इसके साथ ही इन नेताओं द्वारा 85वीं संवैधानिक संशोधन लागू करने, 10- 10- 2014 को जारी किए गए गैर संवैधानिक पत्र को वापिस लेने रोस्टर रजिस्टरों और बैकलाग के साथ सम्बन्धित भर्ती के साथ सम्बन्धित मामलों को उठाया गया और कमिशन से मांग की गई कि इस सम्बन्धित जल्द कार्यवाही करके इन मसलों को हल करवाया जाए।

# पंजाब में जल्द करवाई जाएगी एन.आर. आई. मिलनी : डॉ. रवजोत सिंह

- एन.आर.आईज की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा



**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा जल्द ही जिला वार एन.आर.आई. मिलनियां आयोजित की जाएंगी। यह जानकारी आज यहां एन.आर.आई. मामलों से संबंधित विभागीय उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने दी।

डॉ. रवजोत सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा विदेशों में बसे पंजाबी एन.आर.आई.ज की समस्याओं को हल करने के लिए एन.आर.आई. मिलणियां लगातार आयोजित की जा रही हैं और इसी दिशा में चालू वर्ष के दौरान राज्य के प्रत्येक जिले में एन.आर.आई. मिलनियां करवाई जाएंगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य एन.आर.आई.ज को सामने आने वाली समस्याओं का समाधान उनके पास पहुंचकर करना है ताकि उन्हें सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एन.आर.आईज के मामले और शिकायतें निर्धारित समय के अंदर हल की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विदेशों में बैठे पंजाबियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार विदेशों में बसे एन.आर.आईज़. पंजाबियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने एन.आर.आईज़ की पंजाब में पड़ी जमीन-जायदाद के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित बनाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एन.आर.आई.ज सभा के चुनाव जल्द करवाए जाएं और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई को तेजी से पूरा किया जाए। इस मौके पर एन.आर.आई. विभाग के सचिव श्री वी एन. ज़ादे, डिवीजनल कमिश्नर जालंधर तथा सचिव सूचना एवं लोक संपर्क विभाग रामवीर, विशेष सचिव एन.आर.आई. श्रीमती अमनदीप कौर, ए.डी.जी.पी. एन.आर.आई. श्री आर. के. जैस्वाल, अतिरिक्त सचिव एन.आर.आई. आर. बी.एस. बराड़ और ए.आई.जी. अजिंदर सिंह उपस्थित थे।

# आप के वरिष्ठ नेता समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं की कांग्रेस में घर वापसी



**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** शहर की राजनीति में आज उस समय अहम मोड़ आया जब आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दामन थाम लिया। यह जॉइनिंग कार्यक्रम सेक्टर-35 स्थित राजीव गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया, जिसमें चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की, एआईसीसी सचिव चेतन चौहान तथा हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पंचकुला से विधायक चंद्रमोहन विशेष रूप से मौजूद रहे।

कांग्रेस में शामिल होने वालों में आप की पार्षद प्रेमलता, पूर्व मेयर एवं पंजाब सरकार में चेयरमैन रहे दिवंगत प्रदीप छाबड़ा की धर्मपत्नी रितु छाबड़ा, आप से चुनाव लड़ चुके कुलदीप कुकी (धनास वार्ड, 3200 वोट), यकीं कालिया (बापूधाम वार्ड, 2680 वोट) तथा हरजिंदर सिंह बावा (2336 वोट) प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने अपने-अपने वार्डों में दूसरे स्थान पर रहते हुए उल्लेखनीय मत प्राप्त किए थे और जमीनी स्तर पर मजबूत जनाधार रखते हैं।

नव-शामिल नेताओं ने पार्टी में शामिल होने के पीछे उपेक्षा और आंतरिक राजनीति को कारण बताया। प्रेमलता ने कहा कि मेयर चुनाव में उनके साथ अन्याय हुआ और पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

रितु छाबड़ा ने आरोप लगाया कि पति के निधन के बाद पार्टी ने परिवार का साथ नहीं दिया। कुलदीप कुकी ने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की जगह दिल्ली और पंजाब के नेताओं को थोप दिया गया, जबकि यकीं कालिया और हरजिंदर सिंह बावा ने संगठन में लगातार पदावनति और उपेक्षा का आरोप लगाया। कार्यक्रम के दौरान नव-शामिल नेता और समर्थक ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में कांग्रेस भवन पहुंचे और ÷कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद÷ तथा ÷राहुल गांधी जिंदाबाद÷ के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बना दिया।

# 'मेरी रसोई' स्कीम पंजाब में आहार, पोषण सुरक्षा को करेगी मज़बूत : पन्नू

**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़, 23 फरवरी।** पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार की नयी कल्याण योजना 'मेरी रसोई' शुरू करने की घोषणा राज्य के लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लोगों के साथ मज़बूती से खड़े होने के मान सरकार के प्रतिबद्धता को दिखाती है।

श्री पन्नू ने कहा कि 'मेरी रसोई' स्कीम के तहत, राज्य भर के नीले कार्ड धारकों को हर तीन महीने बाद एक राशन किट मिलेगी।

किट में दालें, नमक, हल्दी और सरसों का तेल जैसी ज़रूरी चीज़ें शामिल होंगी, जिससे यह पक्का होगा कि परिवारों को उनके रसोई के लिए पौष्टिक और अच्छी क्वालिटी का सामान मिले।

मीडिया प्रभारी ने कहा कि सरकार बांटने से पहले सही वेरिफिकेशन और गुणवत्ता चैक करेगी ताकि सिर्फ़ असली लाभपात्रियों फ़ायदों को ही किट मिलें और दी जाने वाली खाने की चीज़ें खाने के लिए साफ़ और सुरक्षित हों।

उन्होंने कहा कि यह स्कीम सिर्फ़ राशन बांटने के बारे में नहीं है, यह हर घर की शान, भोजन सुरक्षा और तंदरुस्ती से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि मान सरकार आम आदमी पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए लगातार काम कर रही है और आगे भी ऐसे लोगों के फ़ायदे वाले काम जारी रखेगी।

# अमृतसर में 27 फरवरी से तीन दिवसीय 'रंगला पंजाब उत्सव' का आयोजन

**अमृतसर, 23 फरवरी।** पंजाब सरकार का पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग राज्य की सांस्कृतिक विरासत, जीवनशैली और खान-पान को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से 27 फरवरी से एक मार्च तक अमृतसर में तीन दिवसीय 'रंगला पंजाब उत्सव' का आयोजन करने जा रहा है। अमृतसर के उपायुक्त दलविंदरजीत सिंह ने सोमवार को बताया कि अमृतसर जिला प्रशासन ने इस उत्सव की सफलता के लिए विभिन्न विभागीय समितियां बनाकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय उत्सव अमृतसर के रणजीत एवेन्यू ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। सिंह ने कहा कि रंगला पंजाब उत्सव 27 फरवरी को शुरू होगा और एक मार्च, 2026 तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह तीन दिवसीय उत्सव पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत को समर्पित होगा, जिसमें पंजाब की समृद्ध विरासत की झलक मिलेगी।

# गैंगस्टरां ते वार' 34वें दिन 487 स्थानों पर छापेमारी, 208 काबू

**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चल रही निर्णायक मुहिम ' गैंगस्टरां ते वार' के 34वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्य भर में गैंगस्टरों के साथियों के पहचाने गए और मेप किए 487 टिकानों पर छापेमारी की।

जिक्रयोग्य है कि ' गैंगस्टरां ते वार ' - पंजाब को गैंगस्टर मुक्त सूबा बनाने के लिए निर्णायक जंग है, जिसकी सुरूआत 20 जनवरी, 2026 को डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की थी। इस अभियान के अंतर्गत एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ( एजीटीएफ) पंजाब के पूरे तालमेल के साथ सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्य भर में विशेष कार्यवाहियां कर रही है। मुहिम के 34वें दिन, पुलिस टीमों ने 208 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और आरोपियों के कब्जे में से एक हथियार बरामद किया है, जिससे अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की कुल संख्या 11,082 हो गई है। इसके इलावा 86 व्यक्तियों विरुद्ध एहतियाती कार्यवाही की गई है, जब कि 151 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस टीमों ने कार्यवाही दौरान 9 भगौड़े अपराधियों ( पीओ) को भी गिरफ्तार किया है।

उन्होंने कहा कि लोग जरुरी अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे एंटी गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के द्वारा गुप्त तौर पर जानकारी दे सकते है और इस पर अपराध और अपराधिक गतिविधियों बारे सूह/ जाणकारी भी सांझी की जा सकती है।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशे विरुद्ध अपनी मुहिम ' युद्ध नशियां विरुद्ध' को 359वें दिन भी जारी रखते आज 99 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब? में से 6.9 किलो हेरोइन, 6 किलो आईस, 1 किलो अफीम, 210 किलो भुक्की, 577 नशीली गोलियां/ कैप्सूल और 7870 रुपए की ड्रग मनी बरामद की। इसस केवल 359 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 50, 964 हो गई है। नशा छुड़ाओ मुहिम के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 30 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुर्नवास का इलाज लेने के लिए राड़ी किया।

### साल 2026-27 में पंजाब का आबकारी राजस्व 12, 800 करोड़ रुपए तक पहुंचेगा

# स्कूलों, अस्पतालों व लोक- समर्थकीय योजनाओं के लिए फंड के साथ जनतक कल्याण को मिलेगा बढावा: हरपाल सिंह चीमा

**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़।** साल 2026- 27 के लिए 12, 800 करो? रुपए के आबकारी राजस्व का अनुमान लगाते हुए, पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां दावा किया कि पंजाब के आबकारी सुधारों ने न केवल सूबे के राजस्व का नया अध्याय सृजित किया है, बल्कि अब यह स्कूलों, अस्पतालों और अन्य लोक-समर्थकीय योजनाओं को फंड देकर सीधे तौर पर जनतक कल्याण में विस्तार किया है।

नई आबकारी नीति की घोषणा करते हुए मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि राज्य पिछली कांग्रेस और अकाली- भाजपा सरकारों की रुकावट से निर्णायक तौर पर बाहर निकल आया है। उन्होंने कहा कि आबकारी क्षेत्र को एक पारदर्शी, इनफोर्समैंट- प्रेरित और विकास-प्रमुख क्षेत्र में बदल दिया गया है, जो नाजायज व्यापार पर शिकंजा कसने के साथ-साथ रिकार्ड राजस्व एकत्रित कर रहा है। पंजाब भवन में एक प्रैस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, जिनके साथ आबकारी और कर कमिश्नर जतिंदर जोरवाल भी उपस्थित थे, ने राज्य के आबकारी सफर का विस्तृत तुलनात्मक विश्लेषण पेश किया। उन्होंने बताया, साल 2011-12 में अकाली- भाजपा शासन दौरान आबकारी राजस्व केवल 2,755 करोड़ रुपए था। अगले दशक दौरान भी आबकारी राजस्व प्राप्ति की कार्यगुजारी सुस्त रही और 2021-22 में कांग्रेस शासन दौरान यह केवल 6,255 करोड़ रुपए तक ही पहुंच सका।



आबकारी और कर मंत्री ने जोर दे कर कहा, हालांकि, मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 2022-23 में एक मजबूत नीतिगत ढांचा लागू किए जाने के बाद, राज्य ने तुरंत 8,428 करोड़ रुपए का आबकारी राजस्व प्राप्ति में बढा कदम आगे बढाया। यह रफ्तार बेरोक जारी रही है, जिससे यह राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 10, 744 करोड़ रुपए तक पहुंच गया और वित्तीय साल 2025-26 के लिए भी 11, 200 करोड़ रुपए का मौजूदा लक्ष्य पूरा किया जा रहा है।

साल 2026- 27 की नई आबकारी नीति के मुख्य नुक्तों बारे जानकारी देते वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया, ÷ पंजाब सरकार ने कामकाज को उचित बनाने और मौजूदा कारोबारों की सहायता के लिए कई अहम कदम उठाए है।

इनमें वित्तीय वर्ष 2025- 26 की पुैसों में 6.5त्न वृद्धि के साथ मौजूदा रिटेल लायसैंसों का नवीनीकरण शामिल है। जिन मामलों में ग्रुपों का नवीनीकरण नहीं होता, वहां अलाटमैंट एक पारदर्शी ई-टैंडर प्रक्रिया के द्वारा की जाएगी।

उन्होंने आगे बताया, मार्किट को नियंत्रित करते हुए खपतकारों की मांग को पूरा करने के लिए 50 और 65 डिगरी वाली पंजाब मीडियम लीकर का कोटा 3 फीसदी बढा दिया गया है, जिससे कुल कोटा 8.79 करोड़ प्रूफ लीटर हो गया है। इसके इलावा, नाजायज शराब की बिक्री को रोकने के लिए, सरकार आबकारी एक्ट के अधीन उच्च- अपराध वाले क्षेत्रों के तौर पर पहचाने गए इलाकों में विशेष तौर पर 40- डिगरी पी.एम.एल सब-वैंड शुरू करेगी।

# नशा तस्करी से संबंधित नैटवर्क के तीन कारकुन 6 किलो हेरोइन और 6 किलो आईसीई सहित अमृतसर से काबू

**पंचकूला ऑब्ज़र्वर**

**चंडीगढ़/अमृतसर।** मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम दौरान बड़ी सफलता के अंतर्गत काउंटर इंटेलीजैंस (सीआई) अमृतसर ने नशा तस्करी के साथ जुड़े माड्यूल के तीन कारकुनों को 6 किलो हेरोइन और 6 किलो आईसीई (क्रिस्टल मेथामफेटामाईन) बरामद करके, इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी), पंजाब गौरव यादव ने आज यहां सांझा की।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान फिरोजपुर के गांव सुरसिंह वाला के निवासी प्रताप सिंह, अमृतसर के गांव कोहाला के निवासी अजैपाल सिंह और अमृतसर के गांव ख्याला कलां के निवासी जोबनदीप सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने नशीले पदार्थों की खेप बरामद करने के इलावा दोषियों का काले रंग का स्पलैंडर मोटरसाईकल ( पीबी 02 एफ.ई. 1185) और सफेद रंग की एक्टिवा (पीबी 02 ईटी 8995) भी जब्त कर लिया है, जो खेप की ढुलाई के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी, प्रताप सिंह और अजैपाल सिंह पाकिस्तानी तस्कर के सीधे संपर्क में थे।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अमृतसर के गांव अटलगढ़ और रतन के बाढ़ वाले क्षेत्र से ड्रोन के द्वारा सरहद पार तस्करी की खेप प्राप्त कर रहे थे और उनको राज्य में आगे अन्य को यह नशीले पदार्थ स्पलाई करने का काम सौंपा गया था।

आपरेशन सम्बन्धित विवरन सांझे करते उन्होंने कहा कि सीआई अमृतसर को पुख्ता खुफिया जानकारी मिली थी कि प्रताप सिंह और अजैपाल सिंह को हाल ही में ड्रोन के द्वारा नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप मिली है और वह इस खेप को गांव स्तर में श्मशानघाट की पानी वाली टैंकी नजदीक अपने साथी जोबनदीप सिंह तक पहुंचाने जा रहे है।

उन्होंने कहा कि ते?ी के साथ कार्यवाही करते सी.आई. अमृतसर की पुलिस टीम ने उस जगह पर छापा मारा और तीनों शक्कियों को 6 किलो हेरोइन और 6 किलो आईसीई सहित गिरफ्तार किया।

# एचएसएससी चेयरमैन ने का ऐलान, जल्द जारी होगा शेड्यूल

## हरियाणा में ग्रुप डी के लिए होगा सीईटी का आयोजन

## इस बार करीब 15 लाख युवाओं के आवेदन करने का अनुमान

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा में ग्रुप डी की भर्तियों के लिए सीईटी का इंतजार कर रहे युवाओं का इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा बहुत जल्द ग्रुप डी के लिए सीईटी का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले हरियाणा सरकार द्वारा ग्रुप डी की भर्तियों के नियमों में संशोधन किया जा चुका है। अब सरकार की तरफ से आयोग को अमेंडमेंट नोटिफिकेशन भी दे दी गई है। हरियाणा की पूर्व मनोहर सरकार के समय में भर्तियों के लिए सीईटी का प्रावधान शुरू किया गया था। सीईटी की पहली परीक्षा में करीब साढ़े 13 लाख युवाओं ने आवेदन किया था और करीब साढे आठ लाख युवाओं ने परीक्षा दी थी। इसके बाद एचएसएससी के वर्तमान चेयरमैन हिम्मत सिंह के कार्यकाल के दौरान ग्रुप सी के लिए सीईटी का आयोजन किया जा चुका है। हरियाणा सरकार ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान हर साल सीईटी के आयोजन का ऐलान किया जाएगा।

हरियाणा में अब चतुर्थ श्रेणी (ग्रुप डी) पदों पर सभी भर्तियां सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) अंकों के आधार पर होंगी। सामाजिक-आर्थिक आधार पर अतिरिक्त अंकों को खत्म कर दिया गया है। जिन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं से कम निर्धारित है, उन्हें छोड ?र अन्य सभी पदों पर चयन सीईटी में प्राप्त अंकों पर आधारित रहेगा। प्रदेश सरकार ने ग्रुप 'डी' कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी तथा मेरिट आधारित बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण संशोधन किया है। नई व्यवस्था के तहत सामान्य पात्रता परीक्षा का कुल स्कोर 100 प्रतिशत सीईटी अंकों पर आधारित होगा। परीक्षा का पाठ्यक्रम दो भागों में विभाजित रहेगा। पहले भाग में 75 प्रतिशत अंक सामान्य जागरूकता, तर्कशक्ति, मात्रात्मक योग्यता, अंग्रेजी, हिंदी तथा संबंधित विषयों के होंगे। दूसरे भाग में 25 प्रतिशत अंक हरियाणा के इतिहास, समसामयिक घटनाओं, साहित्य, भूगोल, पर्यावरण और संस्कृति से संबंधित होंगे। प्रश्नपत्र का स्तर माध्यमिक शिक्षा (मैट्रिक) का रहेगा।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने सोमवार को जारी जानकारी में कहा कि कई दिनों से सीईटी ग्रुप डी परीक्षा को लेकर अनुरोध प्राप्त हो रहे थे। अब ग्रुप डी सीईटी का इंतजार खत्म होने जा रहा है। आयोग को सीईटी ग्रुप डी आवेदन पोर्टल खोलने हेतु अमेंडमेंट नोटिफिकेशन की प्रतीक्षा कर रहा था, जो कि अब आयोग को प्राप्त हो चुकी है। बहुत जल्द सीईटी ग्रुप डी के लिए आवेदन पोर्टल खोल दिया जाएगा। हिम्मत सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने दस्तावेज तैयार कर लें।



### छह साल में 6900 खिलाड़ियों को मिला कैश अवार्ड

हरियाणा सरकार द्वारा एथलीटों के लिए चलाई जा रही कैश अवार्ड योजना के तहत वर्ष 2019 से लेकर अब तक कुल 11,489 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6,987 स्वीकार किए गए। बाकी आवेदनों में बड़ी संख्या अस्वीकृत हुई, जबकि 1361 आवेदन अभी भी लंबित हैं। सोमवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में हरियाणा के खेल मंत्री ने यह रिपोर्ट जारी की। आदित्य सुरजेवाला ने वर्ष 2019 से लेकर अब तक खिलाड़ियों को दिए गए नकद पुरस्कार तथा स्कॉलरशिप के बारे में सरकार से पूछा। उन्होंने ओपीएस तथा ईएसपी कोटे से दी गई नौकरियों के बारे में भी सरकार से जवाब मांगा। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि उपरोक्त अवधि के दौरान छात्रवृत्ति योजना के दौरान कुल 26,408 आवेदन आए, जिनमें 16,415 स्वीकृत हुए और 2,209 लंबित पड़े हैं। सरकार द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 370 आवेदन लंबित रहे। 2024 में यह संख्या बढ़कर 684 हो गई। 2025 में भी 307 आवेदन अभी तक निपटाए नहीं गए। सरकार ने विधानसभा में बताया कि ओएसपी के तहत वर्ष 2019 से लेकर 2026 तक ग्रुप ए,बी व सी के तहत 151 खिलाड़ियों को नौकरी ऑफर की गई, जिनमें से 136 ने नौकरियां ज्वाइन की हैं। इसी प्रकार ईएसपी कोटे के तहत अलग-अलग श्रेणियों में 4778 खिलाडि?ों को नौकरी ऑफर की गई। सरकार द्वारा इस अवधि के दौरान 44.74 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। सरकार के इस जवाब से असंतुष्ट आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि जब हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं, तब उनके पुरस्कार और छात्रवृत्तियां समय पर क्यों नहीं मिल रही। इतनी बड़ी संख्या में अस्वीकृति के पीछे क्या मापदंड हैं। विधायक सुरजेवाला ने सरकार से सवाल किया कि उच्च श्रेणी की नौकरियों में खिलाड़ियों को अवसर क्यों नहीं मिल रहे, जबकि वे प्रदेश का गौरव बढ़ाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दो-दो वर्षों से लंबित आवेदन खिलाड़ियों के मनोबल को तोड़ रहे हैं।

### हरियाणा के अस्पतालों में मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी, प्रदेश में छह हजार से ज्यादा पद खाली

हरियाणा के स्वास्थ्य महकमे की खुद की सेहत ठीक नहीं है। राज्य के अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और पैरामेडिकल स्टाफ के हजारों पद खाली पड़े हैं। रानियां से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला के प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विस्तृत रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में कई महत्वपूर्ण श्रेणियों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। सिविल सर्जन व समकक्ष स्वास्थ्य अधिकारियों के 51 में से 22 पद खाली हैं। सीनियर मेडिकल ऑफिसर के 644 में से 210, मेडिकल ऑफिसर के 4054 में से 541 रिक्त, दंत चिकित्सक के 725 में से 87 रिक्त, एमपीएचडब्ल्यू (फिमेल) के 2724 में से 779 खाली तथा एलटी (जी) के 1335 में से 407 रिक्त हैं। इसी तरह स्टाफ नर्स/नर्सिंग ऑफिसर के 5039 में से 653 खाली खाली हैं। फार्मेसी ऑफिसर के 1085 में से 385 पद और फिजियोथेरेपिस्ट के 62 में से 57 पद खाली हैं। स्वास्थ्य विभाग में 6,000 से अधिक पद खाली पड़े हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार ने रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। मेडिकल ऑफिसर के 450 पद पहले ही विज्ञापित किए जा चुके हैं। एमपीएचडब्ल्यू (फिमले) के 700 पद, एलटी के 70 पद, स्टाफ नर्स के 348 पद और कई अन्य श्रेणियों के पद एचएसएससी और एचपीएससी को भेजे जा चुके हैं। सिविल सर्जन, एसएमओ तथा एमपीएचएस आदि के पद प्रमोशन से भरे जाएंगे। रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया कि असिस्टेंट मैट्रन (18 पद), चीफ नर्सिंग ऑफिसर (28 पद) तथा एचएन (121 में से 100 खाली) हैं। इन पदों पर योग्य उम्मीदवार कैडर में उपलब्ध ही नहीं हैं, इसलिए भर्ती में दिक्कत आ रही है। पदों के खाली होने की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

### संयुक्त पंजाब के सबसे बुजुर्ग विधायक को सम्मानित करने की मांग, 105 वर्षीय सही राम बिश्नोई के सम्मान की इनेलो ने उठाई मांग



डबवाली से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने 105 वर्षीय पूर्व विधायक सही राम बिश्नोई को विशेष सम्मान देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि संयुक्त पंजाब विधानसभा के ये पूर्व सदस्य न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के सबसे बुजुर्ग जीवित पूर्व विधायक हैं। इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करके उन्हें आधिकारिक पत्र सौंपते हुए कहा कि 105 वर्ष की उम्र में भी सही राम बिश्नोई का व्यक्तित्व प्रेरणा का स्रोत है। उनका सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, हमारे इतिहास का सम्मान होगा। अदित्य देवीलाल ने बताया कि सही राम बिश्नोई ने लाहौर से लॉ की शिक्षा प्राप्त की। 1947 के आजादी आंदोलन में हिस्सा लिया और संयुक्त पंजाब विधानसभा के सदस्य रहे। आज 105 साल की उम्र में भी सक्रिय सोच और गहरी राजनीतिक समझ रखते हैं। उन्होंने कहा कि देश में इतनी आयु का कोई दूसरा जीवित पूर्व विधायक नहीं है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसे महान व्यक्तित्व को सम्मान दें, ताकि नई पीढ़ी भी प्रेरणा ले सके। वहीं विधानसभा में शून्यकाल में बोलते हुए आदित्य ने जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पक्की नहरों के आउटलेट (मोघे) विभाग द्वारा ऊपर-नीचे किए जाते हैं, जिससे टेल के किसानों को पानी नहीं मिलता। धरने और विवाद होते हैं। इनेलो विधायक ने कहा कि योजनाओं के पोर्टल गलत डेटा दिखा रहे हैं। सुधार करवाने को कोई अधिकारी जिम्मेदारी नहीं लेता। कॉमन सर्विस सेंटर 20-30 रुपये की जगह 200-300 रुपये वसूल रहे हैं। उन्होंने कालुआना गांव के अजय भादू का उदाहरण दिया, जिनकी फैमिली आईडी में मुखिया का नाम गलत होने के बावजूद महीनों से सुधार नहीं हुआ।

## मनरेगा पर भी विधानसभा में घमासान, हुड्डा ने सरकार को घेरा



**चंडीगढ़।** भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चंडीगढ़ में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान मनरेगा योजना का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि यह अत्यंत गंभीर मामला होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है और केवल टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है। मनरेगा पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की क्रांतिकारी योजना थी और कांग्रेस शासनकाल में देश में सबसे अधिक मजदूरी हरियाणा के श्रमिकों को मिलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के सत्ता में आते ही मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात हुआ और योजना को कमजोर किया गया। हुड्डा के अनुसार संसद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर से पता चला कि हरियाणा में आठ लाख से अधिक मनरेगा मजदूर पंजीकृत थे, लेकिन वर्ष 2024-25 में सरकार ने केवल 2100 परिवारों को ही 100 दिन का रोजगार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मजदूरों को काम भी नहीं दिया और न ही नियमों के तहत मुआवजा दिया।

### भर्ती घोटालों पर गंभीर आरोप

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हरियाणा में भर्ती प्रक्रियाओं पर भी सवाल उठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए और रिश्वतखोरी के मामलों में अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये पकड़े गए। हुड्डा ने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विपक्ष इस मुद्दे को लगातार उठाता रहेगा। पत्रकारों से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि राज्य में घोटाले सरकार की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने हाल ही में उजागर हुए श्रम विभाग के लगभग 1500 करोड़ रुपये के वर्क स्लिप घोटाले का भी उल्लेख किया, जिसमें लाखों फर्जी पंजीकरण और भुगतान का मामला सामने आया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी शासन में शराब, खनन, धान खरीद, सहकारिता, भर्ती, पेपर लीक, छात्रवृत्ति, फसल बीमा, बिजली मीटर खरीद, आयुष्मान योजना, नगर निगम और अन्य कई घोटाले सामने आए हैं। हुड्डा ने हिसार हवाई अड्डा परियोजना में 180 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं और कैथल में कीमती जमीन की कम कीमत पर नीलामी का मुद्दा भी उठाया।

## एक नजर

### जनता की समस्याओं का हो रहा समाधान

**समालखा.** शहर के बापौली रोड स्थित लघु सचिवालय के प्रथम तल पर सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन रामनिवास कौशिक के नेतृत्व में समाधान शिविर का आयोजन। जिसमें आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस शिविर में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 2 शिकायतें सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त हुई थीं। 5 शिकायतें समाधान शिविर के दौरान दर्ज की गईं। समाधान के लिए दर्ज कराई गई कुल समस्याओं में से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान के लिए भेज दिया गया है, ताकि नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान होकर राहत मिल सके। शिविर में उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द निपटारा होगा। राम निवास कौशिक ने कहा कि ऐसे समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सेतु बनाकर समस्याओं का पारदर्शी व प्रभावी समाधान करना है।

### टीबी मरीजों को वितरित की जा रही सामग्री

**कुरुक्षेत्र.** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 100 टीबी मरीजों को नियमित रूप से राशन सामग्री वितरित की जा रही है। यह पहल टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि टीबी आज भी एक गंभीर बीमारी है, जो बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है, लेकिन समय पर जांच, नियमित दवा, संतुलित पोषण और सही जागरूकता के माध्यम से इसे पूरी तरह हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का संकल्प है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाकर देश के सामने एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 100 टीबी मरीजों को अडॉप्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत मरीजों के उपचार, पोषण और मनोबल को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सांसद नवीन जिन्दल की यह पहल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

### डीसी ने शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**कैथल.** समाधान शिविर में डीसी अपराजिता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का एक ही छत के नीचे त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। डीसी ने लोक निर्माण विभाग, राजस्व, नगर परिषद, बैंकिंग, विकास एवं पंचायत विभाग, परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर सुनवाई करते हुए समाधान के उपरांत रिपोर्ट जरूर पोर्टल पर अपलोड करवाएं। समाधान शिविर में सडक़ सुरक्षा मंच ने डीसी को गुहला-चीका क्षेत्र में सडक़ों के दुरुस्तीकरण और कैथल-पटियाला मार्ग को चार मार्गीय करने की मांग की। साथ ही गत वर्षों में बनी सडक़ की हालत के मद्देनजर ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य की जांच के लिए शिकायत दी। इस पर डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य करें तथा संबंधित शिकायतकर्ता को लिखित रूप में शिकायत के संदर्भ में अगवत करवाएं। इस अवसर पर सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी वीरभान, डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितू लाठर, सीएमजीजीए दिव्यता महार, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शादी समारोह में आए युवकों मे हुई बहस मे युवक की चाकू से गोदकर हत्या

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**अंबाला.** शादी समारोह मे रविवार को देर रात किसी बात को लेकर युवको में चाकू चले जिसमें अंबाला शहर निवासी सोनू की मौत हो गई सोमवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कर उसके परिजनो को सौंप दिया गया जबकि झगड़े में दुर्गानगर निवासी भूपेंद्र और जसराज गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि वह एक विवाह समारोह में अंबाला छावनी के सिया वाटिका पैलेस में आए हुए थे। जानकारी के अनुसार, अंबाला सिटी के दुर्गा नगर निवासी सोनू (22) अपने दोस्तों भूपिंद्र (20) और जसराज जस्सा (19) के साथ रविवार रात को अंबाला-जगाधरी रोड पर स्थित सिया वाटिका पैलेस में शादी की रिसेप्शन में शामिल होने पहुंचा। वारदात उस समय हुई जब ये तीनों पैलेस की पार्किंग में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि 7-8 हमलावरों ने पहले जसराज उर्फ जस्सा पर हमला किया। बीच-बचाव करने आए सोनू व भूपिंद्र पर चाकू से वार किए। पीठ में छुरा घोंपने से सोनू की मौत हो गई। जसराज जस्सा की पीजीआई चंडीगढ़ में हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सोनू अंबाला में जैन स्कूल की वैन का ड्राइवर था। सोनू का दोस्त जसराज उर्फ जस्सा डेकोरेशन का काम करता है। जस्सा को सिया वाटिया सजाने का काम मिला था। रविवार को छुट्टी होने पर जसा के दोस्त सोनू व भूपिंद्र भी उसके साथ चले गए। पार्किंग में जसराज की किसी के साथ बहस हो गई। शोर सुनकर सोनू व भूपिंद्र भी पैलेस से बाहर आ गए। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि बहस किस बात को लेकर हुई। घटना की जो सीसीटीवी सामने आई है, उसमें दिख रहा है कि पहले 6-7 युवक खड़े होकर बहस कर रहे हैं। फिर अचानक झगड़ा बढ़ जाता है और युवाओं की टोली चाकू व छुरे के साथ हमला कर देते हैं। एक युवक को दो-तीन युवक घेर कर गिरा देते हैं। तभी पीछे से आया युवक पीठ में छुरा घोंप देता है। घायलों को अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां सोनू को मृत घोषित कर दिया। वहीं अंबाला छावनी सदर थाने के प्रभारी लखबीर सिंह ने बताया कि अंबाला कैंट थाने के जांच अधिकारी चांदी लाल घायलों के बयान लेने चंडीगढ़ गए हैं। बयान के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि झगड़े की असल वजह क्या थी और हमलावर कौन थे। वही पुलिस आरोपियों को जल्द ही गिरफतार कर लेगी।

## साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**समालखा.** थाना साइबर क्राइम की टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को रविवार को राजस्थान के डिडवाना जिले के चारनवास गांव के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान राजस्थान के डिडवाना जिले के चारनवास गांव निवासी सुरेश व कमल के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि समालखा के वार्ड नंबर 7 निवासी नरेश ने 30 अगस्त 2025 को दी शिकायत में बताया था कि 5 जून 2025 को उसके वॉटसऐप एक पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। उसने इसके लिए हां कर दी। इसके बाद उसे कहा गया कि आपकी जॉब लग गई है, इसमे एक टॉस्क दिया जाएगा और आपको टास्क पूरा करने पर पैसा मिलेगा। उसने उनके दिए गए बैंक खाते में 34 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पैसे गलत डालने की बात कहकर 90 हजार रूपए और डलवा लिए। वह इनके जाल में फसता चला गया और उनके दिए हुए बैंक खातों में 13 लाख 75 हजार रूपए ट्रांसफर कर दिए। उसको इसके बाद अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ। थाना साइबर क्राइम में नरेश की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी। प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए नवंबर 2025 में राजस्थान के डिडवाना जिले के कुचामन कस्बा निवासी आरोपी जितेंद्र कसवां को गिरफ्तार किया। आरोपी जितेंद्र के खाते में 7 लाख 11 हजार रूपए ट्रांसफर किए थे। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था उसने अपना बैंक खाता खुलवाकर चारनवास निवासी सुरेश व कमल को 10 हजार रूपए में बेचा था। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के कब्जे से 10 हजार रूपए बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे जेल भेजने के बाद आरोपी सुरेश व कमल की धरपकड़ शुरू कर दी थी। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने रविवार को आरोपी सुरेश व कमल को राजस्थान के डीडवाना जिले के चारनवास गांव के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया वह लोगों से 10 से 15 हजार रूपए में बैंक खाता लेकर आगे अपने साथी विकास को 50 हजार रूपए में बेच देते थे।

## आश्रम संचालक को जूस पिलाकर तुड़वाया अनशन

**लाडवा.** पिछले दो साल से लाडवा बाल आश्रम को ग्रांट न मिलने से खफा होकर आश्रम के संचालक अनशन पर बैठ गए थे। पिछले करीब 12 दिनों से अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आश्रम संचालक शीश पाल मंढान अनशन पर बैठे हुए थे। जैसे ही मामला सी.एम.कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी के समक्ष पहुंचा तो न केवल गत दिवस आश्रम की बिजली को जोड़ दिया गया, बल्कि सोमवार दोपहर बाद कैलाश सैनी ने आश्रम में पहुंचकर समस्या सुनी तथा जूस पिलाकर आश्रम में अनशन पर बैठे शीश पाल मंढान का अनशन भी तुड़वाया।

उन्होंने आश्रम के कर्मचारियों को आश्वासन दिया की 10 दिनों में उनकी हर समस्या का समधान हो जाएगा। आश्रम की समस्या सी.एम. नायब ड्क्षसह सैनी व उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी के संज्ञान में आ चुका है। सी.एम.ने तुरंत आदेश दिए है कि जल्द से जल्द आश्रम की सभी समस्याएं सुनकर उनका समाधान करवाया जाए। इसके लिए एक अधिकारी की स्पेशल ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि जल्द आश्रम को रुकी ग्रांट मिल सके। कैलाश सैनी के आश्वासन के बाद आश्रम संचालक ने अपना अनशन तोड़ा व एक मांग पत्र भी सौंपा। अनशन पर बैठे आश्रम के संचालक शीश पाल मंढान ने बताया कि वह पिछले 12 दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनशन पर बैठे हैं।

## हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में 590 करोड़ के घोटाले की हो उच्चस्तरीय जांच: सैलजा

- कुछ बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आने की जानकारी
- सैलजा ने इसे जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात करार दिया
- केवल चार अधिकारियों के निलंबन को अपर्याप्त बताया



पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में लगभग 590 करोड़ रुपयों की कथित वित्तीय अनियमितताओं को अत्यंत गंभीर और जनहित से जुड़ा मामला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह मामला चंडीगढ़ स्थित आइडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक शाखा से जुड़ा हुआ है, जिसमें कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी खातों से जुड़े लगभग 590 करोड़ रुपयों के कथित घोटाले की खबर बेहद चिंताजनक है। उनके अनुसार यह केवल वित्तीय गड़बड़ी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास के साथ सीधा विश्वासघात है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी गड़बड़ी उच्च स्तर की लापरवाही या संभावित मिलीभगत के बिना कैसे हो सकती है और क्या आंतरिक ऑडिट तथा निगरानी तंत्र केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। कुमारी सैलजा ने स्पष्ट किया कि केवल चार अधिकारियों को निलंबित करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मामला जनता के पैसे का हो, तो पूरी जवाबदेही तय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस मामले को केवल एक बैंक या शाखा तक सीमित नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि यह पूरे वित्तीय प्रबंधन तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने निष्पक्ष, उच्चस्तरीय और समयबद्ध जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई जनता के सामने लाई जानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

सैलजा ने यह भी पूछा कि जब राष्ट्रीयकृत बैंक उपलब्ध थे, तब सरकारी विभागों और संस्थानों को निजी बैंकों में खाते खोलने के निर्देश क्यों दिए गए। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह स्पष्ट करे कि किन परिस्थितियों में और किसके निर्देश पर ऐसे निर्णय लिए गए तथा इसमें शामिल सभी अधिकारियों और प्रशासनिक स्तरों की पहचान की जाए। उन्होंने कहा कि यदि अब सरकार विभागों को राष्ट्रीयकृत बैंकों में खाते खोलने के निर्देश दे रही है, तो उसे यह भी सार्वजनिक करना चाहिए कि पहले स्थापित नीति के विपरीत निजी बैंकों को प्राथमिकता क्यों दी गई।

कुमारी सैलजा ने पूरे मामले में जिम्मेदारी तय करने, न्यायिक या स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराने, संबंधित अधिकारियों और बाहरी व्यक्तियों की भूमिका उजागर करने, सरकारी धन की पूर्ण सुरक्षा और शीघ्र वसूली सुनिश्चित करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की।

### स्वस्थ समाज से ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का निर्माण होगा: डा. श्रीप्रकाश मिश्र

कुरुक्षेत्र. परोपकार, परमार्थ एवं निष्काम सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। समाज के गरीबों, रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा करना उनकी मदद करना प्रत्येक मनुष्य का एक सामाजिक दायित्व है, और सेवा करने वाले व्यक्ति को सदैव मानसिक संतुष्टि प्राप्त होती है। इस तरह सेवाभाव से एक दयालु और संवेदनशील समाज का निर्माण होता है, जो हर व्यक्ति के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करता है। यह विचार सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सहयोग से मातृभूमि सेवा मिशन एवं राष्ट्र प्रेम मंच द्वारा मातृभूमि शिक्षा मंदिर परिसर में आयोजित सेहत चौपाल में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने फ्री मेडिकल चेकअप कैंप के शुभारंभ पर व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र, राष्ट्र प्रेम मंच के अध्यक्ष विजय सैनी, उत्पाद एवं कराधान विभाग, फरीदाबाद, हरियाणा के उपायुक्त पुनीत शर्मा एवं सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के चिकित्सक समूह द्वारा संयुक्त रूप से भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

# तनिषा सिंह की दुबई में नई पहचान






मुंबई से दुबई तक फैली यह कहानी सिर्फ एक अभिनेत्री की नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी महिला उद्यमी की है। साउथ और बॉलीवुड की चमकदार दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी तनिषा सिंह अब अंतरराष्ट्रीय रियल एस्टेट सेक्टर में भारतीय निवेशकों के लिए नए अवसरों के दरवाज़े खोल रही हैं। अभिनय की रोशनी से निकलकर उन्होंने स्काईलाइन की ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लिया है—और इस नई पारी में भी वही आत्मविश्वास, वही रणनीति और वही प्रभावशाली व्यक्तित्व नजर आता है। पूर्व मिस इंडिया रनर-अप (2004) रहीं तनिषा सिंह ने साउथ इंडस्ट्री की 5 फिल्मों और बॉलीवुड की 4 फिल्मों में काम कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। 20 से अधिक बहुभाषी म्यूजिक वीडियोज़ में उनकी मौजूदगी ने उन्हें व्यापक दर्शक वर्ग के बीच लोकप्रिय बनाया। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास ने उन्हें एक अलग पहचान दी।

लेकिन तनिषा का सफर यहीं नहीं रुका। अभिनय के साथ-साथ उन्होंने होस्ट, एंकर, सिंगर और प्रोड्यूसर के रूप में भी खुद को स्थापित किया। उनके इंस्टाग्राम टॉक शो टी विथ तनीषा सिंह ने इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरों को एक मंच पर लाकर संवाद की नई परंपरा शुरू की। अपने प्रोडक्शन हाउस के प्रबंधन ने तनिषा को टीम लीडरशिप, बजट मैनेजमेंट और कंटेंट डेवलपमेंट की गहरी समझ दी। रचनात्मकता और व्यावसायिक रणनीति का संतुलन साधते हुए उन्होंने यह साबित किया कि कला और व्यवसाय एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। यही अनुभव उन्हें उद्यमिता की ओर ले गया—जहां उन्होंने जोखिम लेने, बाजार को समझने और दीर्घकालिक दृष्टि विकसित करने की कला सीखी। वर्तमान में तनिषा दुबई में रियल एस्टेट प्लानिंग के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह भारतीय निवेशकों को रणनीतिक प्रॉपर्टी अवसरों की पहचान कराने में मदद कर रही हैं। प्रॉपर्टी अधिग्रहण से लेकर निवेश संरचना और मार्केट गाइडेंस तक, उनका फोकस निवेशकों के पोर्टफोलियो को वैश्विक स्तर पर मजबूत और विविध बनाना है। उनका मानना है कि आज का निवेशक सिर्फ संपत्ति नहीं, बल्कि रणनीतिक सुरक्षा और दीर्घकालिक मूल्य चाहता है—और यही सोच उन्हें इस क्षेत्र में अलग पहचान दिला रही है। तनिषा अपने पारिवारिक व्यवसाय में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जहां वह संचालन, ब्रांडिंग और दीर्घकालिक रणनीति पर ध्यान देती हैं। एक निवेशक के रूप में वह संतुलित और विविध वित्तीय योजना में विश्वास रखती हैं। सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट क्रिएशन के माध्यम से वह अपनी व्यक्तिगत ब्रांडिंग को मजबूत कर रही हैं। एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में वह पैनल चर्चाओं, इंटरव्यू और लाइव इवेंट्स में मनोरंजन, उद्यमिता और निवेश से जुड़े अपने अनुभव साझा करती रहती हैं।

## एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला का ट्रेंड या प्रियंका चोपड़ा का ट्विस्ट




ग्लोबल रेड कार्पेट पर जब फैशन की बात होती है, तो हर डिटेल मायने रखती है। खासतौर पर वह एक्सेसरी जो पूरे लुक को परिभाषित कर दे। उर्वशी रौतेला ने प्रतिष्ठित कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने बोल्ड और ड्रामेटिक क्लच के साथ ऐसा ही एक स्टाइल मोमेंट क्रिएट किया था। उनका यह यूनिक एक्सेसरी पीस न सिर्फ उनके कॉउचर एंसेंबल का हाइलाइट बना, बल्कि सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो गया। अब चर्चा ने नया मोड़ तब लिया जब ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में एक मिलते-जुलते स्टेटमेंट क्लच के साथ नजर आईं। इसके बाद फैशन वर्ल्ड में तुलना शुरू हो गई—क्या यह महज़ संयोग है या स्टाइल इंस्पिरेशन? फैशन इंडस्ट्री में ट्रेंड्स का ओवरलैप आम है, लेकिन उर्वशी का कान्स क्लच पहले ही एक यादगार मोमेंट बन चुका था। यही वजह है कि मौजूदा बहस ने उनके रेड कार्पेट लुक को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। अब सवाल यह नहीं कि किसने क्या पहना—बल्कि यह है कि किसने उसे ज्यादा प्रभावशाली तरीके से कैरी किया।

# अभिनेता गुलशन ग्रोवर की मौजूदगी में अमन नागपाल की नई उड़ान



मुंबई की चमकती शाम उस वक्त और खास बन गई, जब दोस्ती, संगीत और सपनों का खूबसूरत संगम देखने को मिला। एक ओर था नए सफर की शुरुआत का उत्साह, तो दूसरी ओर साथ खड़े थे इंडस्ट्री के अनुभवी चेहरे, जो इस पल को यादगार बनाने आए थे। मौका था अमन नागपाल के पहले म्यूजिक वीडियो 'रांझा' और उनकी म्यूजिक कंपनी स्काई एंटरटेनमेंट म्यूजिक के आधिकारिक लॉन्च का। इस खास इवेंट में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गुलशन ग्रोवर चीफ गेस्ट के रूप में शामिल हुए। अमन के पुराने और करीबी दोस्त होने के नाते उनकी मौजूदगी ने शाम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम में दिग्गज अभिनेता रा?ा मुराद और अभिनेत्री निहारिका रायजादा की उपस्थिति ने रौनक बढ़ाई, जबकि पूरे इवेंट को अभिनेत्री मानिनी डे ने खूबसूरती से होस्ट किया।

'रांझा' ङ्क एक सोलफुल म्यूजिकल एहसास

'रांझा' में अमन नागपाल के साथ ऋषभ बोर्चेटिया, सनाह मोइदुट्टी और के.के. शर्मा नजर आ रहे हैं। यह गीत प्यार, तड़प और उन अधूरी भावनाओं की कहानी कहता है, जो वक्त गुजरने के बाद भी दिल में जिंदा रहती हैं। सॉफ्ट मेलोडी और गहराई से भरे बोल इस गाने को एक सोलफुल अनुभव बनाते हैं। इस म्यूजिक वीडियो को प्रोड्यूस किया है अमन नागपाल ने। आवाज दी है ऋषभ बोर्चेटिया और सनाह मोइदुट्टी ने। म्यूजिक कंपोज और प्रोड्यूस ऋषभ बोर्चेटिया ने किया है, जबकि गीत के बोल के.के. शर्मा ने लिखे हैं। वीडियो का निर्देशन जोशुआ जॉर्ज जॉन ने किया है और कहानी व लेखन अखिल शर्मा व जोशुआ जॉर्ज जॉन ने मिलकर किया है। सिनेमेटोग्राफी की जिम्मेदारी भाविका डौलतान ने संभाली है।



इस शाम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब अमन नागपाल के पिता हरीश चंद नागपाल और भाई ऋषभ नागपाल भी मंच पर मौजूद रहे। परिवार का यह साथ अमन के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बना। गुलशन ग्रोवर ने कहा, अमन सिर्फ टैलेंटेड और मेहनती ही नहीं, बल्कि मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी हैं। मुझे बेहद खुशी है कि मैं उनके म्यूजिक सफर की शुरुआत का हिस्सा हूं। 'रांझा' दिल और भावनाओं से भरा गाना है और दर्शक इससे जुड़ाव जरूर महसूस करेंगे। अमन नागपाल ने भावुक होते हुए कहा, 'रांझा' को अपनी म्यूजिक कंपनी स्काई एंटरटेनमेंट म्यूजिक के साथ लॉन्च करना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। गुलशन सर का यहां आना इस पल को और खास बना देता है। मेरे पिता और भाई का यहां होना मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी है। यह शाम सिर्फ एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च नहीं थी, बल्कि दोस्ती, परिवार और सपनों की उड़ान का जश्न थी—जहां एक नई शुरुआत ने बॉलीवुड की चमक के बीच अपनी खास पहचान दर्ज कराई।

# लव लॉटरी : अदालत में रिश्तों का इम्तिहान

### जब मोहब्बत बनी मुकदमा लव लॉटरी का कानूनी संग्राम

### इश्क, इल्ज़ाम और इंसाफ- लव लॉटरी का सस्पेंस भरा कोर्टरूम ड्रामा



मुंबई की चकाचौंध भरी दुनिया में रिश्तों की चमक अक्सर सच्चाई की तपिश में पिघल जाती है। जब प्यार भरोसे की बुनियाद पर खड़ा होता है, तो वह सबसे मजबूत रिश्ता बनता है  लेकिन जब उसी भरोसे पर सवाल उठ जाएं, तो अदालत की चौखट पर खड़े होकर सच और झूठ की जंग छिड़ जाती है। ऐसी ही एक भावनात्मक और कानूनी टकराव की कहानी लेकर आ रही है फिल्म 'लव लॉटरी', जो सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा का दमदार संगम है। मुंबई में आयोजित एक भव्य इवेंट में अपनी इस रोमांचक हिंदी फीचर फिल्म का शीर्षक और लोगो लॉन्च किया। कार्यक्रम में फिल्म की पूरी कास्ट और क्रिएटिव टीम मौजूद रही, जहां कहानी के विज़न और सामाजिक संदेश पर खुलकर चर्चा हुई। फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे अक्षय ओबेरॉय जबकि फीमेल लीड के रूप में दिखेंगी हेली दरूवाला। एंसेंबल कास्ट में कबीर दुहान सिंह, मनु ऋषि चड्ढा, हेमंत पांडेय, इंदिरा कृष्णा, संतोष शुक्ला, विक्रम शर्मा, अग्नि अघ्यारी, कुमार सौरभ, अश्वंत लोधी और अर्शदीप संधू महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माता कुलदीप भार्गव 'तुषार' के अनुसार, लव लॉटरी यह दिखाती है कि ज़िंदगी और न्याय कितने अप्रत्याशित हो सकते हैं। हम ऐसी फिल्म बनाना चाहते थे जो रोमांचक होने के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करे। वहीं अक्षय ओबेरॉय ने अपने किरदार को अब तक के सबसे परतदार और मनोवैज्ञानिक रूप से चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक बताया। सिनेमा गंज फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अरविन्द पांडे ने किया है, जबकि कहानी और पटकथा अंकुर खत्री की है। सिनेमैटोग्राफी नवीन वी मिश्रा और संगीत वरुण मिश्रा ने संभाला है। 'लव लॉटरी' सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं, बल्कि रिश्तों की नाजुक सच्चाइयों और समाज के आईने में झांकती एक संवेदनशील सिनेमाई प्रस्तुति है — जहां हर सवाल का जवाब अदालत में नहीं, दिल में छिपा होता है।



# काशिका कपूर का 'प्रोडक्शन नंबर 1' से करियर का नया आगाज़



अपने जन्मदिन को सिर्फ जश्न तक सीमित न रखते हुए काशिका कपूर ने इसे अपने करियर का ऐतिहासिक मोड़ बना दिया। एक ऐसे दिन, जब आमतौर पर सितारे शुभकामनाओं और सरप्राइज़ में डूबे होते हैं, काशिका ने अपने फैंस और इंडस्ट्री को एक बड़ा तोहफा दिया—अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म की घोषणा, जिसका फिलहाल अस्थायी शीर्षक है 'प्रोडक्शन नंबर 1'। यह घोषणा सिर्फ एक नई फिल्म का ऐलान नहीं, बल्कि एक सोच-समझकर चुनी गई नई दिशा का संकेत है। काशिका ने इसे अपने करियर का अब तक का सबसे व्यक्तिगत और रोमांचक कदम बताया है—एक ऐसा प्रोजेक्ट जो उनके अभिनय के नए आयामों को सामने लाने वाला है। फिल्म की कहानी और स्टारकास्ट को लेकर गोपनीयता बरती जा रही है, लेकिन इंडस्ट्री में चर्चा है कि यह प्रोजेक्ट एक मजबूत, परफॉर्मेंस-ड्रिवन किरदार के इर्द-गिर्द बुना गया है। काशिका की अब तक की यात्रा—चाहे वह स्क्रीन प्रेज़ेंस हो, ब्रांड एंडोर्समेंट्स हों या सोच-समझकर चुने गए प्रोजेक्ट्स, यह दर्शाती है कि वह जल्दबाज़ी में नहीं, बल्कि दूरदर्शिता के साथ कदम बढ़ाती हैं। 'प्रोडक्शन नंबर 1' उनके उसी परिपक्व और स्पष्ट कलात्मक दृष्टिकोण का विस्तार लगता है। यह फिल्म उनके लिए केवल एक और प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और नई शुरुआत में विश्वास का प्रतीक है।

# छोटा सा लेमन ग्रास है बड़े काम की चीज, खाने से लेकर लगाने में लाभकारी



सदियों से उपचार के लिए आयुर्वेद में औषधीय पौधों का इस्तेमाल होता आया है, लेकिन आज के समय में वैज्ञानिक नाम देकर पुराने औषधीय पौधों और घास को बाजार में बेचा जा रहा है। हम बात कर रहे हैं लेमन ग्रास की, जिसका उपयोग सेलिब्रिटीज से लेकर फिटनेस से जुड़े लोग भी कर रहे हैं। कुछ सालों में लेमन ग्रास का क्रेज लोगों के बीच बहुत बड़ा है, लेकिन सदियों पहले से हमारे आयुर्वेद में लेमन ग्रास का उपयोग होता आ रहा है। लेमन ग्रास एक औषधीय गुणों से भरपूर घास है, जिसका उपयोग कई तरह की बीमारियों में किया जाता है। आयुर्वेद में लेमन ग्रास को %भूस्तृण% कहा जाता है, जिसका इस्तेमाल वात, पित्त और कफ दोषों को संतुलित करने में मदद करता है और जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द से भी राहत दिलाता है। लेमन ग्रास का स्वाद थोड़ा कड़वा और तीखा होता है, लेकिन इसकी तासीर ठंडी होती है। लेमन ग्रास का सेवन नसों को शांत करता है और तंत्रिका तंत्र को मजबूत करके मस्तिष्क और शरीर के संकेतों को मजबूत करता है।इसके साथ ही लेमन ग्रास खांसी, बुखार, तपेदिक, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, आंखों की सूजन, मसूड़ों की सूजन, निमोनिया और रक्त की अशुद्धि से जुड़े विकारों में भी काम आता है। लेमनग्रास का तेल पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है, मतली, मासिक धर्म संबंधी समस्याओं और सिरदर्द से राहत देता है। इसके अलावा, लेमनग्रास का लेप अगर त्वचा संबंधी परेशानी में लगाया जाए तो यह दवा की तरह काम करता है।

अब जानते हैं कि किन-किन तरीकों से लेमन ग्रास का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए रोजाना लेमन ग्रास का ताजा जूस पिया जा सकता है, जो शरीर को टॉक्सिन से मुक्त करने में मदद करेगा और शरीर को अनगिनत लाभ देगा। दूसरा, जूस की जगह इसकी चाय बनाकर भी पी जा सकती है।

अगर आपको काम के बीच कैफीन की जरूरत पड़ती है तो कैफीन की जगह लेमन ग्रास टी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यह स्वाद और सेहत दोनों में बेहतर है। लेमनग्रास तेल का प्रयोग भी कर सकते हैं। नींद की परेशानी और तनाव को दूर करने के लिए लेमनग्रास का तेल सबसे अच्छा विकल्प है। इसे चेहरे पर या माथे पर हल्की मसाज के साथ लगा सकते हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com